इसे वेबसाईट mpmsme.gov.in

से भी डाउनलोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश शासन

# मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, 2014

**मध्यप्रदेश शासन**

**वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग**

मध्यप्रदेश शासन
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग
मंत्रालय, भोपाल

/ /आदेश/ /

भोपाल, दिनांक : 16.08.2016

क्रमांक एफ 05-03/2016/अ-तेहत्तरः राज्य शासन एतद् द्वारा नवगठित, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के पृथक नीति, नियम, आदेश एवं निर्देश जारी होने तक, संलग्न परिशिष्ट अनुसार वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग द्वारा जारी नीति, नियम, आदेश एवं निर्देश समस्त सुसंगत नियमों आदि सहित यथा आवश्यक यथा स्थान के नाम के उल्लेख सहित विभाग (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) द्वारा अंगीकृत किये जाते है।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार।

मध्यप्रदेश राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
-सही-
(अजय सिंह गंगवार)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

पृ.क्रमांक एफ 05-03/2016/अ-तेहत्तर भोपाल, दिनांक 16.08.2016

प्रतिलिपिः-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग, मंत्रालय।
2. उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लि. भोपाल।
5. नियंत्रक शासन, मुद्रण एवं लेखन सामग्री म.प्र., भोपाल को राजपत्र में प्रकाशनार्थ।
6. निज सहायक, मान. मंत्रीजी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की ओर सूचनार्थ।

-सही-
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

**परिशिष्ट**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा अंगीकृत नीति, नियम, आदेश एवं निर्देशों की सूची

1. उद्योग संवर्धन नीति 2010, यथा संशोधित 2012 व 2014 तथा उनसे संबंधित समस्त आदेश व निर्देश
2. म. प्र. औद्योगिक भूमि एवं औद्योगिक भवन प्रबंधन नियम 2015 से संबंधित समस्त आदेश व निर्देश (म. प्र. औद्योगिक भूमि एवं औद्योगिक भवन प्रबंधन नियम 2015 का अंगीकरण विभागीय आदेश क्रमांक एफ 05-03/2016/अ-तेहत्तर, दिनांक 04.06.2016 से किया जा चुका है)।
3. अन्य

| क्र. | विषय | वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेश/निर्देशों का क्रमांक तथा दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | जिलों का वर्गीकरण | एफ-20-14/05/बी-ग्यारह, दिनांक 09.06.2005 |
| 2 | उद्योग विहीन विकासखण्ड | एफ-20-14/05/बी-ग्यारह, दिनांक 29.08.2011 |
| 3 | जिला स्तरीय निवेश संवर्धन साधिकार समिति की नोडल ऐजेन्सी | एफ-20-32/08/बी-ग्यारह, दिनांक 13.12.2011 |
| 4 | जिला स्तरीय निवेश संवर्धन साधिकार समिति का गठन | एफ-20-32/08/बी-ग्यारह, दिनांक 11.02.2009 |
| 5 | जिला स्तरीय निवेश संवर्धन साधिकार समिति की वित्तीय सीमा | एफ-20-32/08/बी-ग्यारह, दिनांक 27.07.2009 |
| 6 | औद्योगिक क्षेत्रों की अधिसूचना (मुख्य) | एफ-11-90/10/बी-ग्यारह, दिनांक 17.01.2012 |
| 7 | लेमा गार्डन, जबलपुर की अधिसूचना | एफ-11-99/07/बी-ग्यारह, दिनांक 29.03.2012 |
| 8 | औद्योगिक क्षेत्र, सांवेर रोड, इंदौर के विस्तार की अधिसूचना | एफ-11-5/13/बी-ग्यारह, दिनांक 04.10.2013 |

| क्र. | विषय | वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेश/निर्देशों का क्रमांक तथा दिनांक |
|---|---|---|
| 9 | औद्योगिक संस्थान, राउ, इंदौर के विस्तार की अधिसूचना | एफ-11-107/13/बी-ग्यारह, दिनांक 04.10.2013 |
| 10 | विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का युक्तियुक्तकरण | एफ-2-6/14/अ-ग्यारह, दिनांक 21.07.2014 |
| 11 | स्वरोजगार योजनाओं के युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत योजनाओं की मार्गदर्शिका | आर-1514/14/अ-ग्यारह, दिनांक 30.07.2014 |
| 12 | पॉवरलूम उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर विद्युत प्रदाय | एफ-9-1/08/बी-ग्यारह, दिनांक 29.08.2011 |
| 14 | लोक सेवा क्र. 20.2 परियोजना प्रतिवेदन व्यय की प्रतिपूर्ति के संबंध में | एफ-20-18/10/बी-ग्यारह, दिनांक 19.02.2014 |
| 15 | लोक सेवा क्र. 20.3 टर्म लोन पर ब्याज अनुदान के संबंध में | एफ-20-18/10/बी-ग्यारह, दिनांक 19.02.2014 |
| 16 | एमएसएमई को म. प्र. लउनि के माध्यम से कोल वितरण प्रक्रिया | एफ-13-3/05/अ-ग्यारह, दिनांक 04.07.2008 |
| 17 | म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 | एफ-6-14/12/अ-ग्यारह, दिनांक 28.07.2015 |
| 18 | म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 का स्पष्टीकरण | एफ-6-14/12/अ-ग्यारह, दिनांक 07.01.2016 |
| 19 | म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 की प्रक्रिया | एफ-6-14/12/अ-ग्यारह, दिनांक 10.09.2016 |
| 20 | म. प्र. सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिटिलेशन काउन्सिल नियम 2006 | एफ-6-12/98/अ-ग्यारह, दिनांक 10.01.2007 |
| 21 | म. प्र. सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिटिलेशन काउन्सिल का गठन | एफ-6-12/98/अ-ग्यारह, दिनांक 10.01.2007 |
| 22 | महिला उद्यमी की परिभाषा | एफ-20-20/05/बी-ग्यारह, दिनांक 24.07.2009 |

| क्र. | विषय | वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेश/निर्देशों का क्रमांक तथा दिनांक |
|---|---|---|
| 23 | म. प्र. राज्य उद्योग (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1985 | एफ-1(ए)-67-75/सी-ग्यारह, दिनांक 15.02.1985 |
| 24 | म. प्र. राज्य उद्योग (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1985 में संशोधन | एफ-1(ए)-67-75/सी-ग्यारह, दिनांक 04.07.1989 |
| 25 | म. प्र. राज्य उद्योग (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1985 में संशोधन | एफ-1(1)14-2012/सी-ग्यारह, दिनांक 28.08.2015 |
| 26 | म. प्र. राज्य उद्योग (तृतीय श्रेणी कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम 1985 | एफ-(ए)-25-83/सी-ग्यारह, दिनांक 28.09.1985 |
| 27 | गोपनीय प्रतिवेदन हेतु निर्धारित चैनल | एफ-1(1)28-2009/सी-ग्यारह, दिनांक 20.10.2011 |

वित्त विभाग का समयमान आदेश

| क्र. | विषय | आदेशनिर्दे/श क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | समयमान वेतन का परिशिष्ट-2 | एफ 11/1/2008/नियम/चार, दिनांक 24 जनवरी, 2008 |

-सही-

उप सचिव

मध्यप्रदेश शासन

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

मध्यप्रदेश शासन,
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय

//आदेश//

भोपाल, दिनांक 01/07/2015

क्रमांक एफ 16–11/2014/बी–ग्यारह : राज्य शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की औद्योगिक तथा निवेश परियोजनाओं को उद्योग संवर्धन नीति, 2014 अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं का लाभ प्रदान करने हेतु "मध्यप्रदेश एम.एस.एम.ई. प्रोत्साहन योजना, 2014" जारी की जाती है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(मोहम्मद सुलेमान)
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

पृ.क्रमांक एफ 16–11/2014/बी–ग्यारह, भोपाल, दिनांक /07/2015
प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय मंत्रालय, भोपाल,
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, समस्त विभाग,
3. उद्योग आयुक्त, उद्योग संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल,
4. प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लि., भोपाल,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

**मध्यप्रदेश शासन**
**वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग**
**मंत्रालय**

# मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, 2014

1. **प्रस्तावना :-**

राज्य शासन द्वारा उद्योग संवर्धन नीति, 2014 दिनांक 1 अक्टूबर, 2014 से लागू की गई है। उक्त नीति में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के विनिर्माण उद्यमों हेतु प्रावधान किए गए हैं। राज्य शासन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के विनिर्माण उद्यमों को उद्योग संवर्धन नीति 2014 में उल्लेखित सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से "मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2014" लागू करता है।

2. **योजना के प्रभावशील होने की अवधि एवं कार्यक्षेत्र :-**

2.1 यह योजना दिनांक 01.10.2014 से प्रभावशील होगी और शासन द्वारा संशोधित या अधिक्रमित किये जाने तक सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रभावी रहेगी।

2.2 ऐसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के विनिर्माण उद्यम जिनके लिए उद्योग संवर्धन नीति 2010 या पूर्व नीतियों के तहत प्रोत्साहन का कोई पैकेज पहले स्वीकृत किया गया है, या जिसका वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक 01.10.2014 के पूर्व का है, उन्हें इस योजना का लाभ उठाने की पात्रता नही होगी, लेकिन उन्हें उद्योग संवर्धन नीति 2010 या पूर्व नीतियों के तहत जैसी भी स्थिति हो, सुविधाओं हेतु पात्रता होगी।

2.3 दिनांक 01.10.2014 को या इसके पश्चात किन्तु उद्योग संवर्धन नीति 2010 की समापन तिथि से एक वर्ष के अन्दर अर्थात दिनांक 31.10.2016 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने वाली सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को उद्योग संवर्धन नीति 2014 या उद्योग संवर्धन नीति 2010 के तहत प्रोत्साहनों का पैकेज चुनने की स्वतंत्रता होगी तथापि एक बार विकल्प चुनने के बाद इसे बदला नहीं जा सकेगा। परंतु दिनांक 01.10.2014 को या इसके पश्चात वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने वाली टेक्सटाईल इकाईयों को वैट एवं सीएसटी प्रतिपूर्ति की सुविधा का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहनों का पैकेज चुनने की स्वतंत्रता

नहीं होगी। उन्हें केवल उद्योग संवर्धन नीति 2014 के तहत सहायता/सुविधाए पाने की पात्रता होगी।

2.4 पूर्व प्रचलित उद्योग संवर्धन नीति(यों) एवं टैक्सटाईल उद्योगों के लिए विशेष पैकेज अंतर्गत सुविधा/सहायता का लाभ प्राप्त करने हेतु गठित विभिन्न समितियों को समाप्त करते हुए, पूर्व की नीति(यों) एवं उक्त विशेष पैकेज अंतर्गत प्राप्त/स्वीकृत प्रकरणों का निराकरण "मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, 2014" में निर्धारित प्रक्रियानुसार किया जाएगा।

**3. परिभाषायें :-**

3.1 ‘‘विभाग‘‘ से तात्पर्य है मध्य प्रदेश शासन का वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग।

3.2 ‘‘सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के विनिर्माण उद्यम/औद्योगिक इकाई‘‘ से अभिप्रेत है, मध्य प्रदेश राज्य की सीमा में स्थापित ऐसी औद्योगिक इकाई जिसकी स्थापना हेतु राज्य शासन से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 अंतर्गत विनिर्माण (manufacturing) उद्यम हेतु ई. एम. पार्ट - 2 जमा कर अभिस्वीकृति पत्र प्राप्त किया गया हो एवं

| क्र. | इकाई का प्रकार | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सूक्ष्म स्तर की औद्योगिक इकाई | संयंत्र एवं मशीनरी में 25 लाख रूपये से कम का निवेश करने वाले विनिर्माण उद्यम |
| 2 | लघु स्तर की औद्योगिक इकाई | संयंत्र एवं मशीनरी में 25 लाख रूपये और 5 करोड़ रूपये के बीच का निवेश करने वाले विनिर्माण उद्यम |
| 3 | मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाई | संयंत्र एवं मशीनरी में 5 करोड़ रूपये और 10 करोड़ रूपये के बीच का निवेश करने वाले विनिर्माण उद्यम |

3.3 (अ) ‘‘नई औद्योगिक इकाई‘‘ से अभिप्रेत है, ऐसी इकाई जो मध्यप्रदेश राज्य के किसी भी जिले में स्थापित हो एवं जिसमें दिनांक 01.10.2014 को अथवा उसके पश्चात् वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ हो।

(ब) ''विद्यमान औद्योगिक इकाई'' से आशय ऐसी इकाई से है, जिसमें दिनांक 01.10.2014 के पूर्व वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ हो या ऐसी नई औद्योगिक इकाई जिसके द्वारा इस योजना के शासन द्वारा संशोधित या अधिक्रमित किये जाने तक विस्तार/डायवर्सिफिकेशन/तकनीकी उन्नयन किया गया हों।

3.4 "नई/विद्यमान औद्योगिक इकाई द्वारा विस्तार/डायवर्सिफिकेशन/तकनीकी उन्नयन" से तात्पर्य होगा, इकाई द्वारा पूर्व में संयंत्र एवं मशीनरी में किये गए पूंजी निवेश के 50 प्रतिशत, जो रू. 25.00 लाख से कम नहीं हो, का पूंजी निवेश कर किया गया विस्तार/डायवर्सिफिकेशन/तकनीकी उन्नयन, परंतु इस प्रकार किये गये विस्तार/डायवर्सिफिकेशन/तकनीकी उन्नयन से इकाई द्वारा अपनी पूर्व स्थापित क्षमता से अतिरिक्त क्षमता का वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया हो।

3.5 "पूर्व में किये गये संयंत्र एवं मशीनरी में पूंजी निवेश'' से तात्पर्य औद्योगिक इकाई द्वारा, जिस वर्ष में विस्तार/डायवर्सीफिकेशन/तकनीकी उन्नयन, के लिए नवीन पूंजी निवेश करना प्रारम्भ किया गया हो, उस वर्ष के ठीक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि की स्थिति में किया गया संयंत्र एवं मशीनरी में पूंजी निवेश अथवा औद्योगिक इकाई में मूल वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने की तिथि की स्थिति में किया गया संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश जो भी अधिक हो, से होगा।''

3.6 "पूर्व स्थापित क्षमता" से तात्पर्य औद्योगिक इकाई द्वारा, जिस वर्ष में विस्तार/डायवर्सीफिकेशन/तकनीकी उन्नयन, के लिए नवीन पूंजी निवेश करना प्रारम्भ किया गया हो, उस वर्ष के ठीक पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षो के वार्षिक उत्पादन का औसत या इकाई की मूल वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक के समय स्थापित क्षमता, इसमें से जो भी अधिक हो, से है।

3.7 "स्थायी पूंजी निवेश" से अभिप्रेत है संयंत्र एवं मशीनरी में किया गया पूंजी निवेश।

3.8 "संयंत्र एवं मशीनरी में पूंजी निवेश" से तात्पर्य इकाई के संयंत्र एवं मशीनरी, भवन और शेड में किया गया निवेश, किन्तु इसमें भूमि और रिहायशी इकाईयां (Dwelling Units) शामिल नही होगी।

3.9 "मूल्य संवर्धन कर (VAT)" से तात्पर्य मध्यप्रदेश मूल्य संवर्धन कर अधिनियम, 2002 के सेक्शन 2 अंतर्गत परिभाषित मूल्य संवर्धन कर से है।

3.10 ‘केन्द्रीय विक्रय कर“ से तात्पर्य केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 की प्रस्तावना में उल्लेखित विक्रय कर से है।

3.11 ‘प्रवेश कर“ से तात्पर्य मध्यप्रदेश प्रवेश कर अधिनियम, 1976 के सेक्शन 2 अंतर्गत परिभाषित प्रवेश कर से है।

3.12 ‘विद्युत शुल्क“ से तात्पर्य म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी के ग्रिड से प्रदाय विद्युत की खपत पर लगने वाले शुल्क से है।

3.13 ‘मण्डी शुल्क“ से तात्पर्य म. प्र. राज्य की कृषि उपज मण्डी को अधिसूचित कृषि उपजों के क्रय हेतु चुकाए गए शुल्क से है।

3.14 ‘पूंजी अनुदान“ से तात्पर्य इकाई स्थापना हेतु किए गए स्थायी पूंजी निवेश पर दिए गए अनुदान से है।

3.15 ‘ब्याज अनुदान“ से तात्पर्य इकाई स्थापना हेतु वित्तीय संस्था द्वारा प्रदत्त टर्म लोन पर देय ब्याज पर दिए गए अनुदान से है।

3.16 "टेक्सटाईल परियोजना" से अभिप्रेत निम्नलिखित औद्योगिक इकाईयों से है :-

1. कॉटन जीनिंग एवं प्रेसिंग
2. सिल्क रीलिंग एवं ट्वीस्टिंग
3. वूल स्कोरिंग, कॉम्बिंग एवं कालीन उद्योग
4. सिंथेटिक फिलामेंट यार्न टेक्सचराइजिंग, क्रिम्पिंग एवं ट्वीस्टिंग
5. स्पिनिंग
6. विस्कोज स्टेपल फाइबर (व्ही.एस.एफ.) एवं विस्कोज फिलॉमेंट यार्न (व्ही.एफ.वाय.)
7. व्हीविंग, निटिंग एवं फेब्रिक कसीदाकारी
8. टेक्नीकल टेक्सटाईल नॉन वूवेन सहित
9. गारमेंट/डिजाईन स्टूडियों/मेड-अप विनिर्माण
10. फाइबर, यार्न, फेब्रिक, गारमेंट एवं मेड-अप का प्रसंस्करण
11. जूट उद्योग

3.17 ''TUFS'' से अभिप्रेत है :-

वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के संकल्प क्रमांक 6/4/2007-सी 71, नई दिल्ली नवम्बर, 2007 (समय समय पर हुए संशोधन सहित) में वर्णित TUFS (Technology Upgradation Fund Scheme)।

3.18 ''वित्तीय संस्था'' से अभिप्रेत है:-

सहकारी केन्द्रीय बैंक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, शेड्यूल्ड बैंक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक या अन्य वित्तीय संस्था जो राज्य शासन द्वारा इस योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान हेतु मान्य की जावे।

3.19 ''टर्मलोन'' से अभिप्रेत है :-

स्थिर आस्तियों (Fixed Assets) के लिये वित्तीय संस्था/बैंक से प्राप्त किया गया ऋण।

3.20 ''उत्पादन दिनांक'' से तात्पर्य इकाई द्वारा उत्पादन प्रारंभ कर उत्पादित माल के प्रथम बार विक्रय की दिनांक अर्थात प्रथम विक्रय देयक की दिनांक से है।

3.21 ''प्राथमिकता विकास खण्ड'' से अभिप्रेत है :-

राज्य शासन द्वारा दिनांक 01.10.2014 की स्थिति में अधिसूचित ऐसा विकासखण्ड, जहां कोई वृहद/मेगा स्तर की औद्योगिक इकाई नहीं है।

3.22 ''निवेशक'' से अभिप्रेत है :-

ऐसा व्यक्ति/भागीदार/संस्था/कंपनी जिसके द्वारा मध्यप्रदेश में औद्योगिक इकाई की स्थापना हेतु निवेश कर उसमें वाणिज्यिक उत्पादन, दिनांक 01.10.2014 या उसके पश्चात प्रारंभ कर दिया गया हो/प्रस्तावित हो अथवा मध्यप्रदेश में अपेरल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का कार्य दिनांक 01.10.2014 को या उसके पश्चात प्रारंभ किया गया हो/प्रस्तावित हो।

3.23 ''उद्योग आयुक्त'' से अभिप्रेत है

मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोज़गार विभाग के अधीन 'म.प्र., उद्योग संचालनालय' के आयुक्त से है।

3.24 "परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी" से अभिप्रेत है :-

मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोज़गार विभाग के अधीन "परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय" के अपर/संयुक्त संचालक उद्योग से है।

3.25 "महाप्रबंधक" से अभिप्रेत है :-

मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोज़गार विभाग के अधीन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक से है।

3.26 "जिला स्तरीय सहायता समिति" से अभिप्रेत निम्नानुसार गठित समिति से है :-

| | | |
|---|---|---|
| i. | कलेक्टर | अध्यक्ष |
| ii. | अपर/संयुक्त संचालक, परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय | उपाध्यक्ष |
| iii. | अग्रणी जिला प्रबंधक (LDM) | सदस्य |
| iv | उपायुक्त, वाणिज्यिक कर अथवा उनके प्रतिनिधि जो वाणिज्यिक कर अधिकारी के स्तर से कम न हो (केवल प्रवेश कर छूट व वैट और सीएसटी सहायता से संबंधित प्रकरणों में) | सदस्य |
| v. | महाप्रबन्धक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र | सदस्य-सचिव |

टीप :- समिति की बैठक का कोरम 3 का होगा। परंतु प्रवेश कर व वैट और सीएसटी सहायता से संबंधित प्रकरणों में बिंदु iv में उल्लेखित सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## 4. स्पष्टीकरण :-

4.1 इस नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन/रियायत संबंधी वित्तीय सहायता केवल विनिर्माण क्षेत्र के लिए लागू है।

4.2 यदि मध्यप्रदेश शासन की एक से अधिक ऐसी नीतियाँ एक ही प्रकार का प्रोत्साहन/रियायत प्रदान करती हों तो निवेशक केवल एक ही नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन/रियायत प्राप्त करने हेतु पात्र होगा ।

4.3 यदि कोई विनिर्माण इकाई इस नीति के अंतर्गत पात्रता के अतिरिक्त भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है तो वह इस शर्त के साथ ऐसा कर सकेगी कि वह उनके द्वारा संयंत्र एवं मशीनरी में किये गये पूंजी निवेश से ज्यादा अनुदान प्राप्त न कर सके।

4.4 कोई भी एमएसएमई जिसने 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना' या 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' अंतर्गत सुविधाएं प्राप्त की हो, वह इस पैकेज के अंतर्गत समान प्रकार की सुविधाएं प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं होगी।

4.5 विस्तार/डायवर्सिफिकेशन/तकनीकी उन्नयन करने वाली इकाइयों को नवीन औद्योगिक इकाईयों के समान सुविधाओं/सहायता की पात्रता होगी एवं पात्रता का निर्धारण इकाई द्वारा उसकी वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि से सूक्ष्म व लघु उद्योगों की स्थिति में पिछले 1 वर्ष तथा मध्यम उद्योगों की स्थिति में पिछले 2 वर्षों के दौरान संयंत्र और मशीनरी में किए गए निवेश से किया जाएगा।

4.6 इस नीति में उल्लेखित समय-सीमा में जिला स्तरीय सहायता समिति समुचित कारणों से आवेदन प्रस्तुत करने में किये गये विलम्ब को शिथिल कर सकेंगी।

4.7 म.प्र. शासन, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग के आदेश क्र. एफ-16-11/2014-बी-ग्यारह, दिनांक 01.10.2014 से जारी उद्योग संवर्धन नीति 2014 के परिशिष्ट-IV में शामिल उद्योग इस योजना अंतर्गत सुविधा/सहायता हेतु अपात्र होंगे। (परिशिष्ट-1)

## 5. जिला स्तरीय सहायता समिति का दायित्व

5.1 जिला स्तरीय सहायता समिति का यह दायित्व होगा कि वह सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माण उद्यम का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ होने के उपरान्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माण उद्यम को उद्योग संवर्धन नीति, 2014 के अंतर्गत प्रावधानित प्रोत्साहन का वितरण सुनिश्चित करे। इस नीति अंतर्गत भूमि के अधोसंरचना विकास हेतु किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति तथा हरित औद्योगिकरण हेतु प्रावधानित सहायता को छोडकर शेष सभी प्रोत्साहन सहायता की प्रथम बार स्वीकृति जिला स्तरीय सहायता समिति द्वारा जारी की जायेगी।

5.2 समिति की बैठक माह में कम से कम एक बार होगी। समिति ध्यान में लाये जाने पर या स्वतः संज्ञान लेकर अपने निर्णय का पुनरावलोकन कर सकेगी, किन्तु इस प्रकार लिये गये निर्णय की सूचना 30 दिवस के अन्दर संबंधित इकाई तथा उद्योग आयुक्त, मध्य प्रदेश को प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।

5.3 मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2014 अंतर्गत आवेदन व्यावसायिक उत्पादन दिनांक से 90 दिन के भीतर निवेशक को निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट- 2) में संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। परिशिष्ट में दर्शाये अनुसार अनुलग्नक इस आवेदन के साथ प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त परिशिष्ट- 3 में शपथ पत्र (निर्धारित शुल्क के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित) भी आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

5.4 महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आवश्यकतानुसार विभागीय अधिकारियों से इकाई का निरीक्षण तथा दी गई जानकारी का यथासंभव सत्यापन कराया जायेगा। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र समुचित परीक्षण उपरान्त अपना प्रतिवेदन जिला स्तरीय सहायता समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगा। इस प्रतिवेदन में अन्य सभी सुसंगत बातों के अलावा निम्न बातों का समावेश आवश्यक होगा :-

(i) निवेशक द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक तक संयंत्र एवं मशीनरी पर किया गया निवेश (टफ अंतर्गत अनुमोदित संयंत्र एवं मशीनरी पर किया गया निवेश पृथक से, यदि लागू हो तो)

(ii) वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक एवं उत्पादनरत रहने का सत्यापन

(iii) प्रथम कच्चा माल क्रय दिनांक

(iv) औद्योगिक परिसर तक अधोसंरचना विकास पर व्यय।

(v) औद्योगिक इकाई द्वारा लिये गये विद्युत कनेक्शन की जानकारी।

(vi) ब्याज अनुदान के प्रकरण में नियमित किश्त अदायगी की पुष्टि

(vii) अपेरल प्रशिक्षण संस्थान के प्रकरण में स्थापना व्यय

5.5 समुचित विचारोपरान्त जिला स्तरीय सहायता समिति को यह अधिकार होगा कि वे संलग्न परिशिष्ट-4 अनुसार उद्योग संवर्धन नीति, 2014 अंतर्गत प्रावधानित वित्तीय सहायता स्वीकृति आदेश जारी करे। समिति की स्वीकृति प्राप्त होने पर आदेश समिति के सचिव द्वारा जारी किया जायेगा। इस स्वीकृति आदेश में निम्न बातों का उल्लेख होगा :-

(i) वैट और सीएसटी प्रतिपूर्ति, प्रवेश कर से छूट, विद्युत शुल्क से छूट, मंडी शुल्क से छूट, पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान।

(ii) विभिन्न प्रकार की छूट हेतु अधिकतम सीमा।

(iii) प्रति वर्ष दी जाने वाली सहायता राशि का प्रतिशत, मापदण्ड।

(iv) अपेरल प्रशिक्षण संस्थान के प्रकरण में देय सहायता राशि।

(v) अन्य कोई सहायता जो नीति अंतर्गत देय हो।

**6. पूंजी अनुदान :-**

6.1 सूक्ष्म एवं लघु स्तर की औद्योगिक इकाईयों को संयंत्र और मशीनरी में किये गये पात्र निवेश का 15 प्रतिशत, अधिकतम 15 लाख रूपयें पूंजी अनुदान दिया जाएगा। परंतु निम्नलिखित क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों को इस अनुदान की पात्रता नहीं होगी -

(i) नगर निगम की अधिसूचित सीमा।

(ii) नगर/शहर, जिनकी आबादी 3 लाख या अधिक हो (वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर)।

उक्त कण्डिका (i) एवं (ii) में उल्लिखित क्षेत्रों में राज्य शासन अथवा उसके उपक्रम द्वारा विकसित किये गये औद्यागिक विकास केन्द्र, औद्योगिक क्षेत्रों एवं संस्थानों में स्थापित उद्योगों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता होगी।

6.2 सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर की वस्त्र उद्योग इकाइयों को टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फण्ड स्कीम (TUFS) में अनुमोदित संयंत्र और मशीनरी में अधिकतम एक करोड़ रुपए तक, पात्र निवेश का दस प्रतिशत निवेश अनुदान दिया जायेगा।

6.3 सूक्ष्म एवं लघु स्तर की वस्त्र उद्योग इकाई को कण्डिका 6.1 या 6.2 में उल्लेखित किसी एक सहायता को चुनने की स्वतंत्रता होगी। परंतु यदि सूक्ष्म एवं लघु स्तर की वस्त्र उद्योग इकाई द्वारा कण्डिका 7.2 अंतर्गत सहायता हेतु आवेदन दिया है/लाभ प्राप्त किया है तो उसे कण्डिका 6.1 में उल्लेखित सहायता का लाभ पाने की पात्रता नहीं होगी।

6.4 सूक्ष्म और लघु स्तर के फार्मास्युटिकल विनिर्माण उद्यमों को नई इकाइयों के समकक्ष निवेश में सहायता मिलेगी यदि ये इकाइयां अतिरिक्त 10 लाख रुपए या विद्यमान निवेश की 50 प्रतिशत राशि संयंत्र और मशीनरी (इनमें से जो अधिक हो) विस्तार/शवलीकरण के लिये निवेश करती हैं।

6.5 वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से अधिकतम 90 दिवस के अंदर इकाई को निवेश अनुदान हेतु निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट- 2) में आवेदन तथा निर्धारित प्रारूप में

शपथ पत्र (परिशिष्ट - 3) संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा :-

(i) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में एम.एस.एम.ई.डी. एक्ट 2006 के तहत मेमोरेण्डम पार्ट 2 जमा करने पर दी गई अभिस्वीकृति का क्रमांक व दिनांक

(ii) संयंत्र और मशीनरी में किये गये पात्र निवेश के प्रमाणीकरण हेतु चार्टर्ड इंजीनियर/ चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र/मूल्यांकन।

(iii) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुमति/ अनापत्ति प्रमाण पत्र/ पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हों)

(iv) वस्त्र इकाई के प्रकरण में -

(अ) टफ्स (TUFS) अंतर्गत मान्य प्लांट एवं मशीनरी में किय गया निवेश संबंधी दस्तावेज (मय सूची के)

(ब) वित्तीय संस्था का ऋण स्वीकृति एवं वितरण सम्बंधी पत्र।

6.6 जिला स्तरीय सहायता समिति के अनुमोदन उपरांत महाप्रबंधक द्वारा वित्तीय सहायता स्वीकृति आदेश जारी किया जायेगा तथा निवेशक को देय सहायता राशि उपलब्ध कराई जायेगी।

**7. ब्याज अनुदान -**

7.1 पात्र इकाइयों को निम्नानुसार सावधि ऋण (Term Loan) पर ब्याज अनुदान सहायता दी जाएगी :-

| **इकाई का प्रकार** | **ब्याज अनुदान** |
|---|---|
| सूक्ष्म स्तर की औद्योगिक इकाई | 5 प्रतिशत की दर से 3 लाख रुपए की वार्षिक सीमा अंतर्गत 7 वर्ष के लिए |
| लघु स्तर की औद्योगिक इकाई | 5 प्रतिशत की दर से 4 लाख रुपए की वार्षिक सीमा अंतर्गत 7 वर्ष के लिए |
| मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाई | 5 प्रतिशत की दर से 5 लाख रुपए की वार्षिक सीमा अंतर्गत 7 वर्ष के लिए |

7.2 नवीन टेक्सटाईल इकाई को टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फण्ड स्कीम अंतर्गत अनुमोदित प्लांट एवं मशीनरी हेतु लिए गए टर्म लोन पर वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से 5 वर्ष के लिए 2 प्रतिशत की दर से अधिकतम रूपये 5 करोड़ की सीमा तक ब्याज अनुदान की सहायता दी जाएगी।

7.3 नवीन टेक्सटाईल इकाई को कण्डिका 7.1 या 7.2 में उल्लेखित किसी एक सहायता को चुनने की स्वतंत्रता होगी। परंतु यदि नवीन टेक्सटाईल इकाई द्वारा कण्डिका 6.2 अंतर्गत सहायता हेतु आवेदन दिया है/लाभ प्राप्त किया है तो उसे कण्डिका 7.1 में उल्लेखित सहायता का लाभ पाने की पात्रता नहीं होगी।

7.4 टर्म लोन प्रदान करनें वाली संस्था द्वारा कण्डिका 7.1 अंतर्गत सहायता हेतु परिशिष्ट-5 तथा कण्डिका 7.2 अंतर्गत सहायता हेतु परिशिष्ट-6 अनुसार प्रपत्र में टर्मलोन पर ब्याज अनुदान प्राप्त करने हेतु क्लेम संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्रस्तुत किया जाएगा अथवा इकाई के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिशिष्ट-5/6 अनुसार प्रपत्र में क्लेम टर्म लोन प्रदान करनें वाली संस्था से प्राप्त कर संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्रस्तुत किया जाएगा। क्लेम पत्रक जिस त्रैमास से संबंधित है उस त्रैमास की समाप्ति के 90 दिवस के भीतर संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्रस्तुत करना होगा।

7.5 जिला स्तरीय सहायता समिति द्वारा इकाई द्वारा किए गए स्थायी पूंजी निवेश, पात्रता अवधि व प्रतिशत के संबंध में निर्णय लेकर ब्याज अनुदान सुविधा स्वीकृत करेगी।

7.6 किसी इकाई को जिला स्तरीय सहायता समिति से एक बार सुविधा अनुमोदित होने के बाद महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र इसे संपूर्ण पात्रता अवधि में वितरित करने के लिए सक्षम होगें अर्थात किसी इकाई को एक बार समिति द्वारा सुविधा अनुमोदित होने पर उसके प्रकरण में वित्तीय संस्था से त्रैमासिक क्लेम प्राप्त होने पर उसकी त्रैमासवार स्वीकृति पुनः समिति से प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। परंतु स्थायी पूंजी निवेश में परिवर्तन होने पर वितरण हेतु समिति की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

7.7 महाप्रबंधक द्वारा ब्याज अनुदान हेतु परिशिष्ट-7 में स्वीकृति-सह-वितरण आदेश जारी किया जायेगा।

**8. परियोजना अंतर्गत अधोसंरचना विकास हेतु किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति :-**

8.1 यदि निवेशक परियोजना स्थापना हेतु निजी भूमि अधिगृहित करता है या अविकसित शासकीय भूमि प्राप्त करता है तो ऐसी इकाईयों को बिजली, पानी, सड़क अधोसंरचना विकास के लिए प्रत्येक मद हेतु अधिकतम एक करोड़ की सीमा तक अधोसंरचना विकास में हुए व्यय की 50 प्रतिशत तक की सहायता दी जायेगी। सूक्ष्म एवं लघु स्तर की औद्योगिक इकाईया इस सहायता हेतु पात्र नहीं होगी।

8.2 जिस अधोसंरचना के विकास के व्यय हेतु प्रतिपूर्ति चाही गई है, उसका विकास दिनांक 01 अक्टूबर, 2014 के पश्चात हुआ हो एवं इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन के दिनांक के बाद का नहीं हो।

8.3 इकाई का वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक 01.10.2014 से उद्योग संवर्धन नीति, 2014 के संशोधित या अधिक्रमित किये जाने तक का होना चाहिये।

8.4 इस सुविधा का लाभ उद्योग परिसर तक अधोसंरचना विकसित करने में किये गये वास्तविक व्यय पर किया जावेगा, जिसमें निम्नलिखित व्यय सम्मिलित किये जायेंगे :-

(i) मुख्य मार्ग से उद्योग परिसर तक सडक निर्माण में हुआ व्यय।

(ii) पॉवर स्टेशन/विद्युत केन्द्र से उद्योग परिसर तक विद्युतीकरण में हुआ व्यय।

(iii) जल स्त्रोत/मुख्य पाईप लाईन से उद्योग परिसर तक जल लाने हेतु पाईप लाईन बिछाने में हुआ व्यय ।

उक्त कार्यो पर हुए व्यय का सत्यापन चार्टर्ड इंजीनियर/चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र/मूल्यांकन के आधार पर किया जावेगा।

8.5 वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से अधिकतम 90 दिवस के अंदर इकाई को अधोसंरचना व्यय में दिये जाने वाले अनुदान हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन संलग्न परिशिष्ट-2 अनुसार होगा और उसके साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा :-

(i) उद्योग परिसर तक अधोसंरचना विकसित करने में हुए व्यय के प्रमाणीकरण हेतु चार्टर्ड इंजीनियर/ चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र/मूल्यांकन।

(ii) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में एम.एस.एम.ई.डी. एक्ट 2006 के तहत मेमोरेण्डम पार्ट 2 जमा करने पर दी गई अभिस्वीकृति का क्रमांक व दिनांक

(iii) निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र (परिशिष्ट - 3)।

8.6 महाप्रबंधक द्वारा उपरोक्त आवेदन 30 दिवस में मय अनुशंसा के अपने परिक्षेत्र के परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा। परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी द्वारा 30 दिवस की समयावधि में अनूमोदन के संबंध में समुचित निर्णय लिया जाकर महाप्रबंधक को प्रेषित किया जाएगा। अनुमोदन की स्थिति में महाप्रबंधक द्वारा वित्तीय सहायता स्वीकृति आदेश जारी किया जायेगा तथा निवेशक को देय सहायता राशि उपलब्ध कराई जायेगी।

## 9. हरित औद्योगीकरण

9.1 उद्योगों को अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों (जैसे ईटीपी, एसटीपी आदि) प्रदूषण नियंत्रित युक्तियों, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों, जल संरक्षण/दोहन आदि की स्थापना में निवेश के लिए 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान अधिकतम 25 लाख रूपये प्रदान किया जाएगा। सूक्ष्म स्तर की औद्योगिक इकाईया इस सहायता हेतु पात्र नहीं होगी।

9.2 यह सुविधा एक से अधिक इकाईयों द्वारा संयुक्त रूप से अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना पर भी देय होगी।

9.3 अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में प्रदूषण नियंत्रण मण्डल/ औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय का प्रमाण-पत्र।

9.4 अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना में हुआ व्यय दिनांक 1 अक्टूबर, 2014 या उसके पश्चात का होना चाहिए।

9.5 इस सहायता हेतु आवेदन करने वाली लघु स्तर की औद्योगिक इकाई द्वारा कण्डिका 6 अंतर्गत सहायता हेतु पात्र होने पर उक्त सहायता प्राप्त करने हेतु निवेश की गणना में अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना में हुये व्यय को शामिल नही किया जाएगा अर्थात अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना में हुये

व्यय पर अनुदान कण्डिका 6 व कण्डिका 9 में से किसी एक में ही प्राप्त किया जा सकेगा।

9.6 इकाई द्वारा इस सहायता हेतु निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट- 2) में आवेदन संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में प्रस्तुत किया जायेगा।

9.7 आवेदन के साथ निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र (परिशिष्ट -3) व चार्टर्ड एकाउण्टेंट का प्रमाणपत्र (अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत मदवार व्यय सत्यापन सहित) भी देना होगा।

9.8 महाप्रबंधक द्वारा उपरोक्त आवेदन 30 दिवस में मय अनुशंसा के अपने परिक्षेत्र के परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा। परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी द्वारा 30 दिवस की समयावधि में अनूमोदन के संबंध में समुचित निर्णय लिया जाकर महाप्रबंधक को प्रेषित किया जाएगा। अनुमोदन की स्थिति में महाप्रबंधक द्वारा वित्तीय सहायता स्वीकृति आदेश जारी किया जायेगा तथा निवेशक को देय सहायता राशि उपलब्ध कराई जायेगी।

## 10. प्रवेश कर छूट

10.1 पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माण उद्यमों को 5 वर्ष तक प्रवेश कर छूट की सहायता दी जाएगी।

10.2 इकाई द्वारा इस सहायता हेतु निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट- 2) में आवेदन तथा निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र (परिशिष्ट - 3) संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया जायेगा।

10.3 जिला स्तरीय सहायता समिति की स्वीकृति उपरांत प्रवेश कर छूट का पात्रता प्रमाण पत्र (परिशिष्ट- 8) सचिव, जिला स्तरीय सहायता समिति द्वारा जारी किया जाएगा जो "मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976" की धारा 10 अंतर्गत जारी किया समझा जाएगा।

10.4 प्रवेश कर से छूट प्राप्त करने हेतु इकाई वाणिज्यिक कर विभाग के नियमों के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारी होना चाहिए।

10.5 वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा उद्योग संवर्धन नीति के प्रावधानों को क्रियान्वित करने के लिए वर्ष 2010 में जारी की गई अधिसूचना क्रमांक 96, दिनांक 13

दिसम्बर, 2010 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिए उपरोक्तानुसार संशोधित मान्य होगी।

## 11. वैट एवं सीएसटी प्रतिपूर्ति

11.1 रूपये एक करोड़ या उससे अधिक का स्थायी पूंजी निवेश करने वाले पात्र उद्योगों (टेक्सटाईल इकाईयों को छोड़कर) को उनके द्वारा प्लांट एवं मशीनरी में किये गये कुल निवेश की सीमा तक निर्धारित पात्रता अवधि के दौरान जमा किये गये मूल्य संवर्धित कर (वैट) और केन्द्रीय विक्रय कर (जिसमें कच्चेमाल की खरीद पर मूल्य संवर्धित कर की राशि शामिल नहीं है) की राशि पर इनपुट टैक्स रिबेट समायोजित करने के बाद प्रतिपूर्ति की सहायता दी जायेगी, जो कि 50 प्रतिशत के मान से प्राथमिकता विकास खण्ड में स्थापित उद्योगों को 7 वर्षों तथा अन्य विकास खण्ड में स्थापित उद्योगों को 5 वर्षों की अवधि के लिए होगी।

यद्यपि रूपये एक करोड़ या उससे अधिक का स्थायी पूंजी निवेश करने वाली टेक्सटाईल इकाईयों को उसके वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से आठ वर्ष के लिए, टफ अंतर्गत अनुमोदित प्लांट एवं मशीनरी में किये गये निवेश की सीमा तक, निम्नानुसार निवेश संवर्धन सहायता प्रदान की जायेगी :-

**कॉटन जीनिंग** - जीनिंग कॉटन को अन्तर्राज्यीय विक्रय करने पर चुकाये गये सीएसटी के समतुल्य।

**या/एवं**

**स्पिनिंग मिल** - कॉटन यार्न को अन्तर्राज्यीय विक्रय करने पर चुकाये गये अभिकलित सकल सीएसटी के समतुल्य।

**या/एवं**

**वस्त्र विनिर्माण इकाई** (वस्त्र कर मुक्त उत्पाद है) - विनिर्माण इकाई द्वारा *कच्चा माल क्रय करने पर चुकाये गये वैट के समतुल्य

**या/एवं**

**रेडीमेड गारमेंट/अपेरल इकाई** - रेडीमेड गारमेंट/अपेरल विक्रय करने पर चुकाये गये वैट और सीएसटी के समतुल्य।

---

* वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग की अधिसूचना क्र. एफ 16-11/2014/बी-ग्यारह, दिनांक 22.08.2016 से प्रतिस्थापित किया गया।

11.2 इकाई द्वारा प्रतिवर्ष भुगतान किये जाने वाले कुल मूल्य संवर्धित कर और केन्द्रीय विक्रय कर की, पात्रता अनुसार 75 प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी कर पुष्टि दस्तावेज के आधार पर की जाएगी। शेष 25 प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा कर निर्धारण आदेश के बाद की जाएगी।

11.3 किसी भी स्थिति में सहायता राशि संयंत्र एवं मशीनरी, भवन और शेड में किये गये पूंजी निवेश से अधिक नहीं होगी।

11.4 इसके अतिरिक्त सहायता राशि म. प्र. शासन के पास जमा की गई शुद्ध कर राशि से भी अधिक नहीं होगी।

11.5 सहायता प्राप्त करने हेतु इकाई वाणिज्यिक कर विभाग के नियमों के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारी होनी चाहिए।

11.6 निवेश संवर्धन सहायता केवल उत्पादित मुख्य उत्पाद, सह-उत्पाद (Bye-Product) एवं उत्पादन की प्रक्रिया से प्राप्त बर्ज्य-पदार्थ (Waste materials) के परिप्रेक्ष्य में ही दी जाएगी।

11.7 इकाई द्वारा इस सहायता हेतु निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट- 2) में आवेदन तथा निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र (परिशिष्ट - 3) संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया जायेगा।

11.8 महाप्रबंधक द्वारा जिला स्तरीय सहायता समिति की स्वीकृति उपरांत कुल पात्रता अवधि एवं कुल पात्रता राशि की सीमा तक प्रतिवर्ष भुगतान किये जाने वाले कुल मूल्य सवंर्धित कर और केन्द्रीय विक्रय कर की पात्रता अनुसार 75 प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी कर पुष्टि दस्तावेज के आधार पर की जाएगी। शेष 25 प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा कर निर्धारण आदेश पश्चात की जाएगी। पात्रता के अंतिम वर्ष में सम्पूर्ण अवधि के अंतिम कर निर्धारण आदेश के आधार पर प्रतिपूर्ति की जावेगी।

11.9 जिला स्तरीय सहायता समिति द्वारा वित्तीय सहायता स्वीकृति आदेश जारी होने के उपरान्त महाप्रबंधक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सामयिक (Periodical) सहायता राशि का वितरण किया जायेगा।

## 12. विद्युत शुल्क में छूट

12.1 मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 4 मार्च, 2014 को प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक एफ-3-23-2013-तेरह में निहित प्रावधानों के दृष्टिगत सभी पात्र इकाईयों, जिनके द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2014 से दिनांक 03 मार्च, 2019 तक राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों से नवीन उच्च दाब संयोजन प्राप्त किए गए हैं/जायेंगे, को कंडिका 12.2 में दर्शायी कालावधि के लिए ग्रिड से प्रदाय की गई विद्युत के लिए उक्त अधिसूचना की शर्तों के अध्याधीन विद्युत शुल्क के संदाय से छूट की सुविधा उपलब्ध होगी।

12.2 नवीन औद्योगिक इकाईयों को 33 केवी कनेक्शन के लिए 5 वर्षों की अवधि तक, 132 केवी कनेक्शन के लिए 7 वर्षों की अवधि तक तथा 220 केवी कनेक्शन के लिए 10 वर्षों की अवधि तक विद्युत शुल्क (डयूटी) में छूट दी जायेगी।

12.3 इकाई द्वारा इस सहायता हेतु निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट- 2) में आवेदन तथा निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र (परिशिष्ट - 3) संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया जायेगा।

